कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,

23 एलनगंज, प्रयागराज, पिन कोडः– 211002

दूरभाष सं0:– 0532 2466761, 0532 2466769 Website: http:\\examregulatoryauthorityup.in

ई–मेल आई डी:– secretarypnp.up@gmail .com, assistantteacherexam@gmail.com

विज्ञप्ति

सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा–2019 हेतु ऑन लाइन आवेदन

शासनादेश सं0 2056/68–4–2018 शिक्षा अनुभाग–4, दिनांक 01.12.2018 द्वारा निर्गत मार्गदर्शी सिद्धान्त द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में **सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा 2019** उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक के कुल **69,000 पदों** पर भर्ती के लिये परीक्षा आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा मात्र इसी भर्ती के लिये ही मान्य होगी।

सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा 2019 में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से ऑन लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करते हुए निम्नवत् निर्देशित किया जाता है –

1. अभ्यर्थियों को अपने **ऑनलाइन आवेदन की अंकित प्रविष्टियों में संशोधन का कोई अवसर देय नहीं होगा**। इसके लिए अनिवार्य है कि अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन को सबमिट/फाइनल सेव करने से पूर्व, ऑनलाइन अंकित प्रविष्टियों का अभिलेखों से मिलान अवश्य कर ले।
2. अभ्यर्थियों से रजिस्ट्रेशन को सबमिट/फाइनल सेव करने से पूर्व इस आशय के घोषणा पत्र को चयन करना अनिवार्य होगा कि – **"मैंने ऑनलाइन आवेदन के अंतर्गत किये गये रजिस्ट्रेशन का प्रिंट निकाल कर उसमें की गयी प्रविष्टियों का मिलान मूल अभिलेखों से कर लिया है एवं उसे सही पाया है तथा मै अपने रजिस्ट्रेशन को सबमिट/फाइनल सेव करने हेतु पूर्णतः सहमत हूँ, सबमिट/फाइनल सेव होने के उपरान्त मुझे अपने आवेदन में संशोधन करने का कोई अवसर देय नहीं होगा।"**
3. अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि **अभ्यर्थी एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन न करें**। अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन किये जाने की स्थिति में आवेदन शुल्क जमा किये गये अंतिम ऑनलाइन आवेदन को मान्य करते हुए पूर्व के समस्त आवेदन निरस्त कर दिये जायेगें, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा।
4. ऑन लाइन आवेदन पत्र हेतु शैक्षिक अर्हता, आवेदन शुल्क, पाठ्यक्रम संरचना, परीक्षा अवधि व स्वरूप एवं अन्य शर्तों सहित विस्तृत दिशा निर्देश **वेबसाइट http://atrexam.upsdc.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसी वेबसाइट पर ऑन लाइन आवेदन हेतु पंजीकरण फॉर्म, आवेदन शुल्क जमा करने हेतु HDFC Payment Gateway का लिंक एवं ऑन लाइन आवेदन–पत्र उपलब्ध है। इस हेतु निर्धारित समय सारिणी निम्नवत् है–

1-	ऑन लाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि	**06.12.2018** (अपराह्न से)
2-	ऑन लाइन आवेदन शुल्क जमा करने हेतु प्रारम्भ तिथि	**06.12.2018** (अपराह्न से)
3-	ऑन लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	**20.12.2018** (सायं 06:00 बजे तक)
4-	निर्धारित माध्यम से आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	**21.12.2018**
5-	पूर्ण ऑन लाइन आवेदन के प्रिंट लेने की अंतिम तिथि	**22.12.2018** (सायं 06:00 बजे तक)

ऑन लाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होंगे।

5.12.18

(अनिल भूषण चतुर्वेदी)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0,प्रयागराज।

पृ0सं0/गोप0/स0अ0भ0प0–19/ 21740–46 **/2018–19 दिनांक : 5 दिसम्बर, 2018**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–4, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
4. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।

5. श्री ए0पी0 सिंह, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि **सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा 2019** हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति को वेबसाइट पर अपलोड करते हुए निर्धारित कार्यक्रमानुसार समुचित कार्यवाही करने की कृपा करें।
6. श्री हरीश चन्द्र गुप्ता,मैनेजर (प्रणाली) एवं नोडल अधिकारी स्टेट डाटा सेन्टर, यू0पी0डेस्को लखनऊ।
7. शाखा प्रबन्धक, एच0डी0एफ0सी0 बैंक, जीरो रोड शाखा, प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित कि प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार आवेदन शुल्क जमा करने सम्बन्धित समुचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

5.12.18

(अनिल भूषण चतुर्वेदी)
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0प्र0,
प्रयागराज।